# (Annexure-4)

# Details of the constituent units of the SAM Global University

Annexure - 4

15

# म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल

## मध्यप्रदेश शासन

## M.P. PRIVATE UNIVERSITY REGULATORY COMMISSION, BHOPAL

Government of Madhya Pradesh

कमांक 765/म.प्र.न.वि.वि.वि.आयोग/स्थापना/भोपाल

//आदेश//

दिनांक 10/05/2022

प्रायोजी संस्था सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, ग्राम – अगरिया चोपडा, रायसेन द्वारा जिले में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव एवं अनुपालन प्रतिवेदन में प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में संस्था द्वारा पूर्व से संचालित निम्न निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की संघटक ईकाई के रूप में सम्मिलित किए जाने का उल्लेख किया गया था।

**College Located in the Main Campus of SAM Global University Agariya Chopad, Bilkhiriya, Bhopal**

| क. | महाविद्यालय का नाम | संचालित पाठ्यकम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | सरदार अजित सिंह मेमोरियल महाविद्यालय | B.Ed. | 2017 |
| 2. | सेम कॉलेज ऑफ आयुवेर्दिक सांइससेस एंड हॉस्पिटल | B.A.M.S | 2018 |
| 3. | सेम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट | M.B.A | 2018 |
| 4. | सेम कॉलेज ऑफ फार्मेसी | B. Pharma<br>D. Pharma | 2019 |
| 5. | सेम कॉलेज ऑफ नर्सिंग सांइसेस एंड हॉस्पिटल | B.Sc. Nursing,<br>Post Basic (B.Sc. Nursing) | 2019 |
| 6. | सेम कॉलेज ऑफ नर्सिंग सांइसेंज | MPT, MMLT, BMLT, DMLT, BPT, Diploma Yoga, X-Ray Technician | 2019 |

उपरोक्त विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यकमों को एन.सी.टी.आई, बरकतुउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, आयुष नई दिल्ली, एम.पी.एम.एस.यू जबलपुर, ए.आई.सी.टी.ई, बरकतुउल्लाह विश्वविद्यालय, राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय/पी.सी.आई./ए.आई.सी.टी.ई., म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल एवं म.प्र. पेरामेडिकल कौंसिल से असबंध्द (Deaffiliate) करने की सेम ग्लोबल विष्वविद्यालय, रायसेन द्वारा पूर्ण की जा चुकी है एवं संचालित पाठ्यकमों को षैक्षणिक सत्र 2021 –22 से सेम ग्लोबल विष्वविद्यालय, रायसेन के अंतर्गत संचालित किए जाने के लिए विभिन्न विनियामक परिषदों से अनापत्ति प्राप्त कि गई है, जो कि आवेदन के साथ संलग्न है।

सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, ग्राम – अगरिया चोपडा, रायसेन की स्थापना मध्यप्रदेश विधान सभा द्वारा पारित अधिनियम के द्वारा हुई है, जिसकी अधिसूचना कमांक 347 दिनांक 14.08.2019 को मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित हुई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा पत्र कमांक एसजीयू/2269 दिनांक 26.11.2021 के माध्यम से विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित महाविद्यालयों कमशः **1. सरदार अजित सिंह मेमोरियल महाविद्यालय 2. सेम कॉलेज ऑफ आयुवेर्दिक सांइससेस एंड हॉस्पिटल 3. सेम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट 4. सेम कॉलेज ऑफ फार्मेसी 5. सेम कॉलेज ऑफ नर्सिंग सांइसेस एंड हॉस्पिटल 6. सेम कॉलेज ऑफ नर्सिंग सांइसेंज** को मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2007 यथासंशोधित 2013 एवं 2016 की धारा 9 (क) के प्रावधानों के अंतर्गत विश्वविद्यालय की संघटक ईकाई के रूप में मान्य करने हेतु आवश्यक प्रपत्र विभिन्न विश्वविद्यालयों से पाठ्यकम के संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र, केन्द्र/राज्य की विभिन्न विनियामक परिषदों की अनुमतियें संबधित पत्र संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया।

Registrar
SAM Global University, Raisen

विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत आवेदन, शपथ पत्र एवं संलग्न सहपत्रों के परीक्षण हेतु कार्यालयीन पत्र कमांक

निरंतर

Registrar
SAM Global University, Raisen

2173/म.प्र.नि.वि.वि.आयोग/स्थापना/भोपाल दिनांक 16.12.2021 के द्वारा दो सदस्य समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा अधिनियम की धारा 9(क)(ख) के अंतर्गत की गई जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2007 यथासंशोधित 2013 एवं 2016 की धारा 9(क)(3) में विनिर्दिष्ट प्रावधानांतर्गत सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, ग्राम – अगरिया चोपडा, रायसेन के मुख्य परिसर में स्थित निम्नलिखित महाविद्यालयों को सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, ग्राम – अगरिया चोपडा, रायसेन की संघटक ईकाईयों के रूप में आयोग सभा की बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में मान्य किया जाता है।

1. सरदार अजित सिंह मेमोरियल महाविद्यालय
2. सेम कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक सांइसेस एंड हॉस्पिटल
3. सेम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
4. सेम कॉलेज ऑफ फार्मेसी
5. सेम कॉलेज ऑफ नर्सिंग सांइसेस एंड हॉस्पिटल
6. सेम कॉलेज ऑफ नर्सिंग सांइसेंज

मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम की धारा 9(क) की उपधारा (1) से (4) तक में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी इस धारा के अधीन किए गए आदेश में विनिर्दिष्ट तारीख के पूर्व उक्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र विद्यमान विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी बने रहेगें।

(मा.अध्यक्ष, महो. द्वारा अनुमोदित)

10/01/2022

(डॉ. के.पी. साहू)
सचिव
म0प्र0नि0वि0वि0वि0आयोग, भोपाल

पृष्ठांकन............/ म0प्र0नि0वि0वि0आयोग/स्थापना/ भोपाल

**प्रतिलिपि–**

1. अध्यक्ष, म.प्र. नि.वि.वि.वि.आयोग की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, रायसेन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. प्रभारी आई.टी. प्रकोष्ठ, म.प्र. नि.वि.वि.वि.आयोग की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ, म.प्र. नि.वि.वि.वि.आयोग की ओर सूचनार्थ।
5. प्रभारी शुल्क नियतन प्रकोष्ठ, म.प्र. नि.वि.वि.वि.आयोग की ओर सूचनार्थ।
6. मूल नस्ती।

सचिव
म0प्र0नि0वि0वि0वि0आयोग, भोपाल

Registrar
CAM Global University, Raisen

Registrar
CAM Global University, Raisen